RPSC वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II विज्ञान 2025

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

अधोलिखित में से कौन सा कार्बाइड, जलअपघटन पर ऐसीटिलीन बनाता है ?

(A) Al_4C_3

(B) Mg_2C_3

(C) CaC_2 ✓

(D) Be_2C

Q.2

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.3

एक निकाय के लिए ऊर्जा समय t के फलन के रूप में $E(t) = B^2 \exp(-\beta t)$ के अनुसार दी जाती है जहाँ $\beta = 0.2s^{-1}$ है । B के मापन में त्रुटि 1.25% है । यदि समय के मापन में त्रुटि 1.5% है, तो $t = 5s$ पर $E(t)$ के मान में अधिकतम प्रतिशत त्रुटि होगी :

(A) 2%

(B) 2.75%

(C) 3%

(D) 4% ✓

Q.4

$CH_2 = CH_2 + HBr \rightarrow CH_3CH_2Br$ अभिक्रिया का प्रकार है -

(A) इलेक्ट्रान स्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया

(B) इलेक्ट्रान स्नेही योगात्मक अभिक्रिया ✓

(C) नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया

(D) नाभिक स्नेही योगात्मक अभिक्रिया

Q.5

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.6

एक 200 kg का रॉकेट ऊर्ध्वाधर दिशा में दागने के लिए तैयार है । यदि निकास वेग $750\ \mathrm{m/s}$ है और ईंधन की खपत $4\ \mathrm{kg/s}$ की दर से होती है, तो 10 सेकंड के बाद रॉकेट का त्वरण होगा : ($g = 10$ मीटर/सेकंड^2 लें)

(A) $8.75\ \mathrm{m/s}$ ✓

(B) $7.25\ \mathrm{m/s}$

(C) $5.00\ \mathrm{m/s}$

(D) $3.75\ \mathrm{m/s}$

Q.7

यदि $(\vec{a} + \vec{b}) \cdot (\vec{a} - \vec{b}) = 12$ और $|\vec{a}| = 2|\vec{b}|$ हो, तो $|\vec{a}|$ और $|\vec{b}|$ के मान क्रमशः हैं :

(A) $2, 1$

(B) $4, 2$ ✓

(C) $6, 3$

(D) $8, 4$

Q.8

कार्य-ऊर्जा प्रमेय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें :

कथन A : कार्य-ऊर्जा प्रमेय न्यूटन के द्वितीय नियम से स्वतंत्र है।

कथन B : कार्य-ऊर्जा प्रमेय सभी जड़त्वीय निर्देश तंत्रों में लागू होती है। इसे अजड़त्वीय निर्देश तंत्रों में भी लागू किया जा सकता है, यदि विचारणीय पिंड पर आरोपित कुल बलों के परिकलन में छद्म बलों को सम्मिलित कर लिया जाए।

(A) कथन A और B दोनों सत्य हैं।
(B) कथन A और B दोनों असत्य हैं।
(C) कथन A सत्य है, लेकिन कथन B असत्य है।
(D) कथन B सत्य है, लेकिन कथन A असत्य है। ✓

Q.9

$100\ \mathrm{N/m}$ नियतांक की एक स्प्रिंग इसके दो सिरों पर समान बलों, प्रत्येक का परिमाण F है, को लगाकर विस्तारित की गई है। स्प्रिंग में संगृहीत ऊर्जा $200\ \mathrm{J}$ है। अब, स्प्रिंग को दो समान भागों में काटा जाता है तथा इनमें से एक भाग को इसके दो सिरों पर परिमाण F के दो समान बलों द्वारा विस्तारित किया जाता है। इस भाग में संगृहीत ऊर्जा है

(A) 200 J
(B) 100 J ✓
(C) 50 J
(D) 400 J

Q.10

पृथ्वी की सतह से अंतरिक्ष में m द्रव्यमान का एक पिंड Av_e वेग से ऊपर की ओर प्रक्षेपित किया जाता है। यह दिया गया है कि v_e पलायन वेग है और $A < 1$ है। यदि वायु प्रतिरोध को नगण्य माना जाए, तो पृथ्वी के केंद्र से वह अधिकतम ऊँचाई जहाँ तक पिंड जा सकता है, होगी :
(R पृथ्वी की त्रिज्या है)

(A) $r = \frac{R}{1+A^2}$
(B) $r = \frac{2R}{1+A^2}$
(C) $r = \frac{R}{1-A^2}$ ✓
(D) $r = \frac{2R}{1-A^2}$

Q.11

किसी झील की सतह से $500\ \mathrm{m}$ नीचे की गहराई पर पानी के घनत्व में परिवर्तन का अनुमान लगाइए। सतह पर पानी का घनत्व $= 1000\ \mathrm{kg/m^3}$ और पानी का आयतन प्रत्यास्थता गुणांक $= 2 \times 10^9\ \mathrm{N/m^2}$ है। ($g = 10\ \mathrm{m/s^2}$ लेवें)

(A) $1.5\ \mathrm{kg/m^3}$
(B) $2.0\ \mathrm{kg/m^3}$
(C) $2.5\ \mathrm{kg/m^3}$ ✓
(D) कोई परिवर्तन नहीं

Q.12

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.13

पराग के गोलाकार कणों को पानी में हिलाया जाता है और फिर उन्हें स्थिर होने दिया जाता है । पानी की गहराई 2×10^{-2} मीटर है । एक घंटे बाद निलंबन में बचे सबसे बड़े कण का लगभग व्यास (माइक्रोमीटर में) क्या होगा ? मान लें कि पराग कण शुरुआत के ठीक बाद सीमान्त वेग से गिरते हैं ।
(पराग का घनत्व $= 1.8 \times 10^3\ \mathrm{kg/m^3}$, पानी की श्यानता $= 1 \times 10^{-2}$ poise और पानी का घनत्व $= 1 \times 10^3\ \mathrm{kg/m^3}$)

(A) 2.0
(B) 2.5
(C) 3.0
(D) 3.5 ✓

Q.14

एक केशिका नली में जल $15.3\ \text{cm}$ की ऊँचाई तक ऊपर उठता है, जबकि नली का ऊपरी सिरा जल की सतह से $17\ \text{cm}$ ऊपर है । यदि इस केशिका नली को जल की सतह से $12.5\ \text{cm}$ की ऊँचाई पर काट दिया जाए, तो क्या होगा ?

(A) जल नली में से फव्वारे के रूप में बाहर निकलने लगेगा ।
(B) जल नली में $12.5\ \text{cm}$ की ऊँचाई तक ही रहेगा । ✓
(C) नली में जल की ऊँचाई $10.5\ \text{cm}$ हो जायेगी ।
(D) जल नली की दीवारों के सहारे नीचे की ओर बहने लगेगा ।

Q.15

एक बंद लूप विशाल संधारित्र की प्लेटों के बीच स्थिर विद्युत क्षेत्र के लंबवत गति करता है । निम्नलिखित में से किस स्थिति/स्थितियों में लूप में प्रेरित धारा उत्पन्न होगी ? (विद्युत क्षेत्र लूप के तल के लंबवत है ।)

स्थिति A : जब यह संधारित्र की प्लेटों के मध्य पूर्णतः अन्दर हो ।
स्थिति B : जब यह आंशिक रूप से संधारित्र की प्लेटों के बाहर हो ।

(A) स्थिति A और B दोनों में
(B) केवल स्थिति A में
(C) केवल स्थिति B में
(D) न तो स्थिति A में और न ही स्थिति B में ✓

Q.16

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.17

एक संयुक्त सूक्ष्मदर्शी, जिसके लिए अभिदृश्यक लेंस की फोकस दूरी 1.0 cm तथा अभिनेत्रक लेंस की फोकस दूरी 2.0 cm तथा नलिका (ट्यूब) लम्बाई 20 cm है, तो इसका कुल आवर्धन होगा —
(मान लें कि प्रतिबिंब अनंत पर बन रहा है)

(A) 150
(B) 350
(C) 250 ✓
(D) 450

Q.18

प्रोकेरियोट्स में, कौन सा डीएनए पॉलिमरेज डीएनए के वास्तविक प्रतिकृतिकरण के लिए जिम्मेदार है ?

(A) पॉलिमरेज I
(B) पॉलिमरेज II
(C) पॉलिमरेज III ✓
(D) पॉलिमरेज IV

Q.19

प्रतिलेखन के दौरान, एंजाइम RNA पॉलिमरेज II द्वारा प्रतिलेखित जीन निम्न में से कौन सा है ?

(A) sn RNA ✓
(B) 5S RNA
(C) tRNA
(D) rRNA

Q.20

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.21

किस कशेरुकी वर्ग का वर्गीकरण, करोटि के पश्चपार्श्वीय या टेम्पोरल क्षेत्रों में कुछ छिद्रों की उपस्थिति या अनुपस्थिति पर आधारित है ?

(A) उभयचर
(B) सरीसृप ✓
(C) पक्षी
(D) स्तनधारी

Q.22

निम्न में से कौन सी कपाल तंत्रिकाएँ सिर्फ संवेदी प्रकृति की होती हैं ?
(a) घ्राण (I)
(b) ऑप्टिक (II)
(c) ट्राइजेमिनल (V)
(d) वेगस (X)
विकल्प :

(A) (a) एवं (b) ✓
(B) (a) एवं (c)
(C) (b) एवं (d)
(D) (c) एवं (d)

Q.23

हाइपोथैलेमस की तांत्रिक-स्रावी कोशिकाओं द्वारा स्रावित और पिट्यूटरी ग्रंथि के तंत्रिका-हाइपोफिसिस में संग्रहीत/मुक्त होने वाला हार्मोन है :

(A) वैसोप्रेसिन ✓
(B) एड्रीनोकॉर्टिकोट्रॉपिक हार्मोन
(C) प्रोलैक्टिन
(D) थायराइड उद्दीपन हार्मोन

Q.24

पीले गोल (YYRR) एवं हरे झुर्रीदार (yyrr) मटर के बीज के एक द्विसंकर संकरण में, F_2 पीढ़ी में, विषमयुग्मजी पीले गोल की संभावना होगी :

(A) 8/16 ✓
(B) 4/16
(C) 1/16
(D) 6/16

Q.25

पारिस्थितिक अनुक्रमण के दौरान, जब वर्तमान समुदाय का प्रतिस्थापन मुख्य रूप से बाहरी अजैविक कारकों द्वारा हो, न कि मौजूदा जीवों के कारण, तो इसे कहा जाता है :

(A) स्वत:जात अनुक्रमण
(B) अन्यत्रजनिक अनुक्रमण ✓
(C) द्वितीयक अनुक्रमण
(D) विषमपोषी अनुक्रमण

Q.26

एक पुष्प के निम्नलिखित वर्णन को पढ़कर उसके सही पुष्प सूत्र का चयन करें :

पुष्प : सहपत्री, त्रिज्या सममित, द्विलिंगी
बाह्यदलपुंज : 5, संयुक्त बाह्यदली
दलपुंज : 5, पृथक्दलीय
पुमंग : 5, मुक्त पुंकेसर, दललग्न
जायांग : अंडाशय द्विअंडपी, वियुक्तांडपी व ऊर्ध्ववर्ती

(A) Ebr $\oplus \eth K_5 C_{(5)} A_5 \bar{G}_2$

(B) Br $\oplus \eth K_{(5)} C_5 A_5 \underline{G}_2$ ✓

(C) Br % $\eth K_{(5)} C_{(5)} A_5 \underline{G}_{(2)}$

(D) Br $\oplus \eth K_{(5)} C_5 A_5 \bar{G}_2$

Q.27

गलत युग्म का चयन करें :

(A) दो भिन्न जातियों के जीवद्रव्यक संलयन - कायिक संकर

(B) कैलस - कोशिकाओं का विभेदित समूह ✓

(C) विभज्योतक संवर्धन - विषाणु-मुक्त पादप

(D) पराग संवर्धन - अगुणित पादप

Q.28

गलत कथन का चयन करें :

(A) ला नीना, एक जलवायु घटना है जो मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर (एल नीनो के विपरीत) में उल्लेखनीय रूप से ठंडे समुद्री सतह के तापमान (एसएसटी) की विशेषता है, जो भारतीय मानसून को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती है।

(B) ला नीना की घटना के दौरान, दक्षिण-पश्चिम मानसून में भारत में बहुत कम वर्षा होने की संभावना होती है। ✓

(C) देश के अधिकांश हिस्सों में ला नीना वर्षों के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होती है, सिवाय सुदूर उत्तर भारत और पूर्वोत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों के, जहाँ ला नीना वर्षों के दौरान सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है।

(D) ला नीना वर्षों के दौरान सर्दियों के मौसम में आमतौर पर सामान्य से कम तापमान देखा जाता है।

Q.29

सही कथन चुनिए :

(A) डोलिछिद्री पट और क्लैम्प कनेक्शन सभी बेसिडिओमायसिटीज कवकों में नहीं पाए जाते हैं । ✓

(B) ऊओमायसिटीज कवकों की कोशिका भित्ति में सेल्युलोज़ नहीं पाया जाता है ।

(C) एस्कोबीजाणु और बेसिडिओबीजाणु दोनों का विकास बहिर्जात होता है ।

(D) ड्यूटेरोमायसिटीज कवक, लैंगिक और अलैंगिक दोनों प्रकार से प्रजनन करते हैं ।

Q.30

जिम्नोस्पर्म के संदर्भ में गलत कथन चुनें :

(A) भ्रूणपोष अगुणित होता है ।

(B) मादा युग्मकोद्भिद् बहुकोशिकीय होता है ।

(C) परागण मुख्य रूप से वायु द्वारा होता है ।

(D) लघुबीजाणु पुंधानी में उत्पन्न होते हैं । ✓

Q.31

"फ्लेवर सेवर" टमाटर के उत्पादन में किस एन्जाइम को सन्दर्भित करने के लिए एंटीसेन्स आरएनए तकनीक का उपयोग किया गया था ?

(A) पॉलीगैलेक्टुरोनेज ✓
(B) एसीसी सिन्थेज
(C) पेक्टिन मिथाइल एस्टेरेज
(D) β – गैलेक्टोसिडेज

Q.32

मीज़ोगैमी (मध्यप्रवेश) में पराग नलिका भ्रूणकोष में प्रवेश करती है :

(A) निभाग से
(B) अध्यावरणों से
(C) बीजांडद्वार से ✓
(D) बीजांडकाय से

Q.33

निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया में प्राकृतिक रूप से अगुणित भ्रूणों का निर्माण होता है ?

(A) आवर्ती असंगजनन में
(B) अपस्थानिक भ्रूणता में
(C) अनावर्ती असंगजनन में ✓
(D) जनक अपबीजाणुता में

Q.34

दाब प्रवाह अवधारणा के अनुसार, फ्लोएम में भोजन का संचरण होता है :

(A) केवल परासरण के द्वारा
(B) वाष्पोत्सर्जन खिंचाव के द्वारा
(C) स्फीति दाब प्रवणता के द्वारा ✓
(D) विसरण दाब न्यूनता के द्वारा

Q.35

कैस्पेरियन पट्टिकाएँ पायी जाती हैं

(A) वल्कुट में
(B) अतश्चर्म में ✓
(C) परिरंभ में
(D) मज्जा में

Q.36

नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करके, पादप वृद्धि के बारे में सही कथनों का चयन करें :

A. भ्रूणजनन के दौरान युग्मनज में होने वाले प्रारंभिक कुछ विभाजन ज्यामितीय होते हैं।
B. मूल दीर्धन अंकगणितीय वृद्धि का एक उदाहरण है।
C. संवर्धित माध्यम में कोशिकाएँ सिर्फ अंकगणितीय वृद्धि दर्शाती हैं।

(A) केवल C
(B) A और B दोनों ✓
(C) A और C दोनों
(D) B और C दोनों

Q.37

पादपों में दीप्तिकाल के उद्दीपन को मुख्य रूप से कौन सा भाग ग्रहण करता है ?

(A) विभज्योतक
(B) पुष्प
(C) पुष्प कलिका
(D) पत्तियाँ ✓

Q.38

क्रेब्स चक्र के निम्नलिखित में से किस चरण में, अपचयित एनएडीएच (NADH) का निर्माण नहीं होता है ?

(A) सक्सीनेट से फ्यूमेरेट के निर्माण में ✓
(B) मैलेट से ऑक्सेलोएसीटेट के निर्माण में
(C) आइसोसिट्रेट से α-कीटोग्लूटरेट के निर्माण में
(D) α-कीटोग्लूटरेट से सक्सीनिल-कोएंजाइम ए के निर्माण में

Q.39

टेट्रोजेन "थैलिडोमाइड" किस बीमारी के लिए जिम्मेदार है ?

(A) अमेलिया ✓
(B) जन्मजात रूबेला सिंड्रोम
(C) जन्मजात टॉक्सोप्लाज्मोसिस
(D) माइक्रोसेफेली

Q.40

रेनिन का निर्माण किसके द्वारा होता है ?

(A) मेकुला डेंसा की कोशिकाओं
(B) जक्स्टाग्लोमेरूलर कोशिकाओं ✓
(C) पेरिट्यूबुलर केशिका की कोशिकाओं
(D) पीसीटी (PCT) की कोशिकाओं

Q.41

निम्नलिखित का मिलान करें और सही विकल्प चुनें :

प्लेसेंटा के प्रकार	**उदाहरण**
A. एंडोथेलियो-कोरियल	(i) खरगोश
B. हीमो-कोरियल	(ii) चमगादड़
C. हीमो-एंडोथेलियल	(iii) बिल्ली

(A) (i) (ii) (iii)
(B) (iii) (ii) (i) ✓
(C) (ii) (i) (iii)
(D) (ii) (iii) (i)

Q.42

प्रोटोजोआ परजीवी नोसेमा बॉम्बिसिस के द्वारा रेशम के कीटों में कौन सा रोग होता है ?

(A) फ्लेचरी
(B) मस्कार्डिन
(C) पेब्राइन ✓
(D) पॉलिहेड्रोसिस

Q.43

ट्रिस (एथेन-1, 2-डाइएमीन) कोबाल्ट (III) सल्फेट का सूत्र है :

(A) $[Co(en)_3]SO_4$
(B) $[Co(en)_3]_3(SO_4)_2$
(C) $[Co(en)_3]_2(SO_4)_3$ ✓
(D) $[Co(H_2NCH_2CH_2NH_2)_3]_2(SO_4)_2$

Q.44

अधोलिखित में से वह उपसहसंयोजक इकाई जिसमें d^2sp^3 संकरण होता है तथा प्रतिचुंबकीय प्रकृति होती है, है :

(A) $[Mn(CN)_6]^{3-}$

(B) $[Fe(CN)_6]^{3-}$

(C) $[Co(C_2O_4)_3]^{3-}$ ✓

(D) $[MnCl_6]^{3-}$

Q.45

निम्नलिखित में से कौन सा यकृत का प्रमुख कार्य नहीं है ?

(A) अपचयन और उत्सर्जन कार्य

(B) रक्त के थक्के जमने में भूमिका

(C) रक्त-शुद्धीकरण कार्य

(D) एंजाइमों का स्राव ✓

Q.46

अधोलिखित स्पीशीज़ के समुच्चयों में से किसकी आकृति त्रिकोणीय पिरामिडीय है ?

(A) NO_3^- तथा CO_3^{2-}

(B) PF_3 तथा SO_3^{2-} ✓

(C) SO_3^{2-} तथा SO_3

(D) PF_3 तथा CO_3^{2-}

Q.47

एक सिलेंडर में गैसों के मिश्रण में 20 ग्राम हाइड्रोजन तथा 20 ग्राम हीलियम गैस है। यदि सिलेंडर में गैसों के मिश्रण का कुल दाब 15 bar है, तब हाइड्रोजन का आंशिक दाब है

(A) 5 bar

(B) 7 bar

(C) 10 bar ✓

(D) 12 bar

Q.48

अधोलिखित में से किस क्रिस्टल निकाय के एकक कोष्ठिका प्राचल $a = b \neq c$ तथा $\alpha = \beta = \gamma = 90^\circ$ होते हैं ?

(A) त्रिसमनताक्ष

(B) षट्कोणीय

(C) विषमलंबाक्ष

(D) द्विसमलंबाक्ष ✓

Q.49

आण्विक कक्षक सिद्धांत के अनुसार, N_2^+ तथा O_2^+ आण्विक स्पीशीज़ के अयुग्मित इलेक्ट्रॉन क्रमशः किस आण्विक कक्षक में उपस्थित होते हैं ?

(A) $\sigma(2p)$; $\sigma(2p)$

(B) $\sigma(2p)$; $\pi^*(2p)$ ✓

(C) $\sigma(2p)$; $\pi(2p)$

(D) $\pi^*(2p)$; $\sigma(2p)$

Q.50

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I (अणु)	**सूची-II (जीनॉन की संकरण अवस्था)**
(i) XeO_3	a. sp^3d^2
(ii) XeF_6	b. sp^3d
(iii) $XeOF_4$	c. sp^3d^3
(iv) XeF_2	d. sp^3

सही कूट का चयन कीजिए :

(A) (i)-a, (ii)-c, (iii)-d, (iv)-b

(B) (i)-d, (ii)-b, (iii)-a, (iv)-c

(C) (i)-d, (ii)-c, (iii)-a, (iv)-b ✓

(D) (i)-b, (ii)-a, (iii)-c, (iv)-d

Q.51

अधोलिखित में से स्पीशीज़ के किस समुच्चय में अर्द्धपूरित 4f-उपकोश हैं ?

(A) Eu^{2+} तथा Dy^{4+}

(B) Tb^{3+} तथा Gd^{3+}

(C) Eu^{2+} तथा Tb^{4+} ✓

(D) Tb^{4+} तथा Dy^{4+}

Q.52

आयोडीन थायोसल्फेट आयन को ऑक्सीकृत करती है :

(A) सल्फेट आयन में

(B) परसल्फेट आयन में

(C) टेट्राथायोनेट आयन में ✓

(D) सल्फाइट आयन में

Q.53

अधोलिखित में से फॉस्फोरस का ऑक्सो-अम्ल जिसमें P-H आबंध नहीं है :

(A) H₃PO₂

(B) H₃PO₃

(C) H₄P₂O₅

(D) H₄P₂O₇ ✓

Q.54

अभिक्रिया $2A + B \rightarrow C + D$ के बलगतिकी अध्ययन के दौरान निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुए :

प्रयोग सं.	**[A] / mol L^{-1}**	**[B] / mol L^{-2}**	**D के विरचन का प्रारंभिक वेग (mol L^{-1} min^{-1})**
I	0.1	0.1	6.0×10^{-3}
II	0.3	0.2	7.2×10^{-2}
III	0.3	0.4	2.88×10^{-1}
IV	0.4	0.1	2.40×10^{-2}

अभिक्रिया का वेग नियम होगा :

(A) rate = $k[A]^2[B]$

(B) rate = $k[A][B]$

(C) rate = $k[A]^2[B]^2$

(D) rate = $k[A][B]^2$ ✓

Q.55

4% यूरिया विलयन, एक कार्बनिक यौगिक A के 12% विलयन के साथ समपरासारी है। A का अणु भार होगा :

(A) 240
(B) 180 ✓
(C) 150
(D) 120

Q.56

ऐलुमिनियम के धातुकर्म में, मिश्रण का गलनांक कम करने के लिए शुद्ध Al₂O₃ के साथ क्या मिलाया जाता है ?

(A) FeSiO₃
(B) Na₃AlF₆ ✓
(C) Al(OH)₃
(D) CaO

Q.57

निम्नलिखित में से कौन सा कथन भौतिक अधिशोषण के लिए सही है ?

(A) उच्च दाब पर अधिशोषक के पृष्ठ पर यह एकल अणुक परत के रूप में परिणामित होता है ।
(B) अधिशोषण के लिए उच्च ताप सहायक होता है ।
(C) यह प्रकृति में उत्क्रमणीय है । ✓
(D) अधिशोषण की एन्थैल्पी उच्च होती है ।

Q.58

तृतीयक-पेन्टिलब्रोमाइड के विहाइड्रोहैलोजनीकरण में निर्मित मुख्य उत्पाद है -

(A) 3-मेथिल-3-ब्यूटीन
(B) 2-मेथिल-1-ब्यूटीन
(C) 3-मेथिल-2-ब्यूटीन
(D) 2-मेथिल-2-ब्यूटीन ✓

Q.59

डाइएजोनियम लवण की फिनॉल एवं ऐरोमैटिक ऐमीन के साथ युग्मन अभिक्रिया की क्रियाविधि है

(A) इलेक्ट्रॉनस्नेही योगात्मक
(B) इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन ✓
(C) नाभिकस्नेही योगात्मक
(D) नाभिकस्नेही प्रतिस्थापन

Q.60

$Zn, Zn^{2+}(1M)||Fe^{2+}(1M), Fe^{3+}(1M); Pt$ सेल का E°_{cell} होगा :
दिया गया है: $E^{\circ}_{Fe^{3+}/Fe^{2+}} = +0.77V$
$E^{\circ}_{Zn^{2+}/Zn} = -0.76V$

(A)
- 0.01V

(B)
- 0.01V

(C) ✓
- 1.53V

(D)
- 1.53V

Q.61

अवरक्त स्पेक्ट्रोमिति में अधोलिखित यौगिकों के लिए $v_c = 0$ तनन अवशोषण का सही क्रम है :

[A] = $Br - CH_2COOH$

[B] = $Cl_2CHCOOH$

[C] = $F_3 - C - COOH$

(A) [A] < [B] < [C] ✓

(B) [A] > [B] > [C]

(C) [A] < [C] < [B]

(D) [C] > [A] > [B]

Q.62

नॉन-हीम आयरन प्रोटीन जो कुछ समुद्री कृमि में ऑक्सीजन संवाहक का कार्य करता है :

(A) हीमोग्लोबिन

(B) फेराडॉक्सिन

(C) हीमएरिथ्रिन ✓

(D) मायोग्लोबिन

Q.63

निम्नलिखित में से किस अभिकर्मक से अभिक्रिया, ग्लूकोस में कार्बोनिल समूह की उपस्थिति की पुष्टि करती है ?

(A) HI

(B) NH_2OH ✓

(C) $(CH_3CO)_2O$

(D) H_2O

Q.64

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.65

जैव-निम्नीकरणीय बहुलक नायलॉन-2-नायलॉन-6 की एकलक इकाइयाँ हैं :

(A) ग्लाइसिन तथा ऐमीनोकैप्रोइक अम्ल ✓

(B) ग्लाइसिन तथा एडिपिक अम्ल

(C) ग्लाइसिन तथा थैलिक अम्ल

(D) थैलिक अम्ल तथा ऐमीनोकैप्रोइक अम्ल

Q.66

अधोलिखित में से कौन सा एक पूतिरोधी का उदाहरण है ?

(A) पेनिसिलिन

(B) ओमेप्रोजोल

(C) नोवएस्ट्रॉल

(D) बाइथायोनॉल ✓

Q.67

निम्नलिखित में से किस यौगिक का सर्वप्रथम संश्लेषण आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय द्वारा किया गया ?

(A) जिंक सल्फेट

(B) सल्फ्यूरिक अम्ल

(C) पोटैशियम नाइट्रेट

(D) मर्क्यूरस नाइट्राइट ✓

Q.68

मसूड़ों से रक्त बहना किस विटामिन की अल्पता के कारण होता है ?

(A) थायेमीन
(B) राइबोफ्लेविन
(C) पिरिडॉक्सिन
(D) ऐस्कॉर्बिक अम्ल ✓

Q.69

एक हल्के अवमंदित स्प्रिंग-द्रव्यमान आवर्ती दोलित्र के लिए स्प्रिंग नियतांक (K), अवमंदन नियतांक (b) तथा द्रव्यमान (m) के मानों के तीन समूह नीचे दिए हैं :

	स्प्रिंग नियतांक (K)	अवमंदन नियतांक (b)	द्रव्यमान (m)
समूह 1	$2K_0$	b_0	$2m_0$
समूह 2	K_0	$6b_0$	$4m_0$
समूह 3	$3K_0$	$3b_0$	m_0

इन समूहों को यांत्रिक ऊर्जा को अपनी प्रारम्भिक मान की एक चौथाई होने में लगने वाले समय के घटते हुए क्रम के अनुसार व्यवस्थित करें :

(A) 1 > 2 > 3 ✓
(B) 3 > 1 > 2
(C) 2 > 3 > 1
(D) 1 > 3 > 2

Q.70

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.71

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.72

दो सर्वसम पिंडों, प्रत्येक का विराम द्रव्यमान m_0 है, पर विचार करें जो एक दूसरे की ओर समान आपेक्षिकीय चालों v से आ रहे हैं । पिंड टकराते हैं तथा एक दूसरे से चिपक जाते हैं । निकाय के अंतिम विराम द्रव्यमान का इसके प्रारंभिक विराम द्रव्यमान से अनुपात क्या है ?

(A) $\frac{1}{\sqrt{1-v^2/c^2}}$ ✓
(B) $\frac{2}{\sqrt{1-v^2/c^2}}$
(C) 1
(D) अपर्याप्त सूचना

Q.73

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.74

क्रिस्टलीय गंधक के लिए प्रति एकांक आयतन परमाणु संख्या $3.3 \times 10^{28}/\mathrm{m}^3$ है। यदि गंधक परमाणु की इलेक्ट्रॉनिक ध्रुवणता $3.28 \times 10^{-40}\ \mathrm{Fm}^2$ है, तो गंधक की आपेक्षिक विद्युतशीलता लगभग क्या होगी ?

(A) 2
(B) 3 ✓
(C) 4
(D) 6

Q.75

दो स्रोतों से व्यतिकरण के लिए निम्न कथनों को पढ़िये :

(A) : यदि दो स्रोतों से आने वाली तरंगें कला-असम्बद्ध हैं तो पर्दे पर कोई फ्रिन्ज प्रतिरूप नहीं होगा।
(B) : पर्दे पर औसत तीव्रता $2I_0$ ही होगी चाहे स्रोत कला-सम्बद्ध हो या नहीं।

(यहाँ I_0 एक स्लिट (स्रोत) से पर्दे पर प्रकाश की तीव्रता है जबकि दूसरी स्लिट (स्रोत) ढकी हुई है।)
सही विकल्प का चयन कीजिए -

(A) (A) और (B) दोनों सही हैं। ✓
(B) केवल (A) सही है।
(C) केवल (B) सही है।
(D) (A) और (B) दोनों गलत हैं।

Q.76

590 नैनोमीटर तरंगदैर्ध्य का एक प्रकाश पुंज 10 सेमी व्यास के एक अभिसारी लेंस से 20 सेमी की दूरी पर फोकसित होता है। तश्तरीनुमा बने प्रतिबिम्ब का व्यास होगा (सेमी में) :

(A) 2.8×10^{-5}
(B) 2.8×10^{-4} ✓
(C) 1.4×10^{-4}
(D) 1.4×10^{-6}

Q.77

एक एण्टेना के निकट जहाँ एक विद्युत-चुंबकीय संकेत की चुंबकीय क्षेत्र तीव्रता $\mu_x = 0.15\cos[4(3 \times 10^8 t - y)]\ \mathrm{A/m}$ है विस्थापन धारा घनत्व का आयाम ज्ञात कीजिए [जहाँ संकेतों के प्रचलित अर्थ हैं]

(A) $0.3\ \mathrm{A/m^2}$
(B) $0.6\ \mathrm{A/m^2}$ ✓
(C) $0.3\mu_0\ \mathrm{A/m^2}$
(D) $0.6\mu_0\ \mathrm{A/m^2}$

Q.78

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.79

प्रारम्भिक अध्रुवित प्रकाश के पथ में तीन ध्रुवक शीटों का एक निकाय है। प्रथम शीट की ध्रुवण दिशा y-अक्ष के समानान्तर है, दूसरी शीट की ध्रुवण दिशा y-अक्ष से वामावर्त 60° कोण पर है और तीसरी शीट की ध्रुवण दिशा x-अक्ष के समानान्तर है। प्रकाश की प्रारम्भिक तीव्रता I_0 का लगभग अंश, जो इस तीन शीट निकाय से बाहर निकलता है, है -

(A) 0.940
(B) 0.094 ✓
(C) 0.050
(D) 0.50

Q.80

एक-परमाणुक आदर्श गैस जिसका आयतन V है, के N परमाणुओं के लिए बोधगम्य अवस्थाओं की संख्या Ω, जब गैस की ऊर्जा E तथा $E + dE$ के मध्य है, $\Omega = AV^N E^{3N/2}$ से दी जाती है। यहाँ घटक A केवल N पर ही निर्भर करता है। गैस की एन्ट्रॉपी V तथा E के फलन के रूप में इस प्रकार दी जाती है :
(k बोल्ट्जमान नियतांक है)

(A) $S = k\ln A - k\ln V + Nk\ln E$
(B) $S = k\ln A - Nk\ln V - Nk\ln E$
(C) $S = Nk\ln A + Nk\ln V + \frac{3}{2}Nk\ln E$
(D) $S = k\ln A + Nk\ln V + \frac{3}{2}Nk\ln E$ ✓

Q.81

एक फ्रीजर का तापमान $-10\ ^\circ\mathrm{C}$ पर बनाए रखा जाता है और कमरे का तापमान $30\ ^\circ\mathrm{C}$ है। फ्रीजर का यह तापमान बनाये रखने के लिए $1200\ \mathrm{J/sec}$ की दर से ऊष्मा निकाली जाती है। इसके निष्पादन गुणांक और परिवेश को निष्कासित ऊष्मा की गणना करें।

(A) $6.575, 1382.5\ \mathrm{J/sec}$ ✓

(B) $9.575, 1382.5\ \mathrm{J/sec}$

(C) $6.575, 1582.5\ \mathrm{J/sec}$

(D) $9.575, 1582.5\ \mathrm{J/sec}$

Q.82

E_p ऊर्जा के X-किरण फोटॉनों के उपयोग से किए जाने वाले X-किरण विवर्तन प्रयोग को X-किरणों के बजाय अनपेक्षिकीय इलेक्ट्रॉनों के उपयोग द्वारा दोहराया जाता है। इलेक्ट्रॉनों की गतिज ऊर्जा क्या होनी चाहिए ताकि वैसा ही विवर्तन प्रतिरूप प्राप्त हो जैसा कि X-किरणों के लिए है (उसी क्रिस्टल का प्रयोग करके)? (यहाँ संकेतों के प्रचलित अर्थ हैं)

(A) E_p

(B) $\frac{E_p^2}{2m_e c^2}$ ✓

(C) $\frac{E_p^2}{m_e c^2}$

(D) $\frac{2E_p^2}{m_e c^2}$

Q.83

संकारक $\left[\frac{d^2}{dx^2} - Bx^2\right]$ में नियतांक B का मान ताकि e^{-ax^2} इस संकारक का आइगेन फलन हो, है (यहाँ 'a' एक नियतांक है)

(A) a^2

(B) $2a^2$

(C) $\frac{a^2}{4}$

(D) $4a^2$ ✓

Q.84

किसी गैस के अणुओं का औसत मुक्त पथ तापमान T_0 तथा दाब P_0 पर λ_0 है। यदि दाब को बढ़ाकर $1.5P_0$ कर दिया जाए तथा तापमान को घटाकर $0.75T_0$ कर दिया जाए, तो गैस के अणुओं के नए औसत मुक्त पथ को ज्ञात कीजिए।

(A) अपरिवर्तित रहता है।

(B) λ_0 का आधा हो जाता है। ✓

(C) λ_0 का दो गुना हो जाता है।

(D) $1.125\lambda_0$ के बराबर हो जाता है।

Q.85

यदि $\Psi = e^{ix} - e^{-ix}$ तो $\Psi\Psi^*$ का मान है :

(A) $-4\sin^2 x$

(B) $4\sin^2 x$ ✓

(C) $\sin 2x$

(D) $\cos 2x$

Q.86

किसी रेडियोएक्टिव पदार्थ का द्रव्यमान (m) इसकी सक्रियता R के साथ निम्नलिखित संबंधों में से किसके द्वारा संबंधित है ?
(यहाँ N_A एवोगाद्रो संख्या, M मोलर द्रव्यमान, τ औसत आयु तथा $T_{1/2}$ अर्द्ध-आयु है)

(A) $m = \frac{RM\tau}{N_A \ln 2}$

(B) $m = \frac{RMT_{1/2}}{N_A \ln 2}$ ✓

(C) $m = \frac{RM}{N_A}(0.693)T_{1/2}$

(D) m तथा R में ऐसे किसी संबंध का अस्तित्व नहीं है।

Q.87

श्रोडिंगर समीकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
[A] : यह एक रैखिक अवकल समीकरण है ।
[B] : यह समय के सापेक्ष प्रथम कोटि का अवकल समीकरण है ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल कथन [A] सही है ।
(B) केवल कथन [B] सही है ।
(C) कथन [A] तथा [B] दोनों सही हैं । ✓
(D) कथन [A] तथा [B] दोनों गलत हैं ।

Q.88

विखण्डन के लिए निम्न कथनों को पढ़िए :
[A] : सक्रियण ऊर्जा, विखण्डन अवरोध को पार करने के लिए नाभिक की आवश्यक न्यूनतम ऊर्जा है।
[B] : सक्रियण ऊर्जा, विखण्डन अवरोध की चौड़ाई का माप है।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) [A] तथा [B] दोनों सही हैं।
(B) केवल [B] सही है।
(C) केवल [A] सही है। ✓
(D) [A] तथा [B] दोनों गलत हैं।

Q.89

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.90

परमाणु क्रमांक Z तथा द्रव्यमान संख्या A वाले किसी परमाणु नाभिक के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) नाभिकीय द्रव्य तथा नाभिकीय आवेश नाभिक के आयतन में सर्वसम रूप से वितरित होते हैं।
(B) जिन नाभिकों के लिए $Z > 83$ तथा $A > 209$ होता है, वे α-विकिरण उत्सर्जन करते हैं। ✓
(C) नाभिकीय बंधन ऊर्जा में पृष्ठ ऊर्जा पद $A^{1/3}$ के समानुपाती होता है।
(D) β-क्षय तब होता है जब प्रोटॉन और न्यूट्रॉन का अनुपात अधिक होता है और कम होने पर नहीं होता है।

Q.91

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.92

निम्न में से कौन सा बूलियन व्यंजक $F = A + \bar{A}B + \bar{A}\bar{B}C$ के तुल्य है ?

(A) $A + B + C$ ✓
(B) $A + \bar{A}C$
(C) $A + B + \bar{B}C$
(D) $A + B$

Q.93

निम्नलिखित में से कौन से कथन विज्ञान की प्रकृति का वर्णन करते हैं ?
a. विज्ञान ज्ञान का एक निकाय है ।
b. विज्ञान पृच्छा की एक विधि है ।
c. विज्ञान जीवन के प्रति दृष्टिकोण है ।
d. विज्ञान के सिद्धान्त निरन्तर स्थायी होते हैं ।
सही कूट का चयन कीजिये :

(A) केवल a, b एवं d
(B) केवल a, b एवं c ✓
(C) केवल b, c एवं d
(D) केवल a, c एवं d

Q.94

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.95

किसी व्यक्ति में पाई जाने वाली कुछ प्रवृत्तियाँ जिनमें आलोचनात्मक और तार्किक चिंतन, जिज्ञासा, सृजनात्मकता और आविष्कारशीलता, खुले विचारों वाला होना आदि शामिल हैं, निम्नलिखित में से किस शब्द को परिभाषित करती हैं ?

(A) वैज्ञानिक विधि
(B) वैज्ञानिक अभिवृत्ति ✓
(C) वैज्ञानिक ज्ञान
(D) वैज्ञानिक अभिक्षमता

Q.96

अभिकथन (A) : ज्ञान के एक निकाय के रूप में विज्ञान में तथ्य, परिभाषाएँ, सिद्धांत, नियम आदि सम्मिलित हैं।

कारण (R) : विज्ञान ज्ञान के एक निकाय से अधिक है, यह चिन्तन का एक तरीका है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(B) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है। ✓
(C) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है।
(D) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है।

Q.97

निम्नलिखित में कौन से सिद्धान्त पाठ्यचर्या विकास से सम्बन्धित हैं ?
a. शिक्षक केन्द्रितता का सिद्धान्त
b. लचीलेपन का सिद्धान्त
c. संस्कृति के संरक्षण का सिद्धान्त
d. समाज केन्द्रितता का सिद्धान्त
e. वियोजन का सिद्धान्त
सही कूट का चयन करें :

(A) केवल a, c, d एवं e
(B) केवल b, c एवं d ✓
(C) केवल a, b, c एवं e
(D) केवल b, d एवं e

Q.98

निम्नलिखित में से कौन सी वैज्ञानिक विधि की एक विशेषता नहीं हो सकती ?

(A) वैज्ञानिक विधियाँ प्रकृति में विषयनिष्ठ होती हैं। ✓

(B) यह हमेशा सत्यापन-योग्य है।

(C) इसमें पूर्वानुमान्यता, संशोधनीयता और गत्यात्मकता होती है।

(D) वैज्ञानिक पद्धति व्यवस्थित और सावधानीपूर्वक एकत्र किये गये प्रदत्तों पर अधिक बल देती है।

Q.99

विद्यालय शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या प्रारूप (NCFSE) 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में कौन से सिद्धान्त विज्ञान शिक्षणशास्त्र से सम्बन्धित हैं ?

a. विज्ञान की प्रक्रिया को उद्दीप्त करना।

b. विविध अनुभव प्रदान करके जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना एवं उसे बनाये रखना।

c. सहपाती (पियर) एवं सहयोगात्मक अधिगम

d. वैज्ञानिक ज्ञान को केवल कक्षा के भीतर सम्बद्ध करना।

e. अन्य पाठ्यचर्या क्षेत्रों के साथ क्षैतिज सम्बद्धता

सही कोड का चयन करें :

(A) केवल a, b, c एवं d

(B) केवल a, b, c एवं e ✓

(C) केवल b, c, d एवं e

(D) केवल a, c, d एवं e

Q.100

'ज्ञान' आयाम की निम्नलिखित श्रेणियों का उनकी विशिष्टताओं के साथ सही मिलान कीजिए :

ज्ञान की श्रेणियाँ	**विशिष्टताएँ**
(a) तथ्यात्मक	(i) रणनीतिक ज्ञान
(b) प्रक्रियात्मक	(ii) विषय-विशिष्ट कौशलों और एल्गोरिथ्म का ज्ञान
(c) आत्म-संज्ञानात्मक	(iii) सिद्धांतों और सामान्यीकरण का ज्ञान
(d) संप्रत्ययात्मक	(iv) तत्वों के विशिष्ट विवरणों का ज्ञान

सही कूट का चयन कीजिए :

(A) (a)-(i) (b)-(iii) (c)-(iv) (d)-(ii)

(B) (a)-(ii) (b)-(iv) (c)-(iii) (d)-(i)

(C) (a)-(iv) (b)-(ii) (c)-(i) (d)-(iii) ✓

(D) (a)-(iii) (b)-(i) (c)-(ii) (d)-(iv)

Q.101

रचनावादी उपागम के 5 ई अधिगम प्रतिमान के किस सोपान में समस्या का परिभाषीकरण, प्रश्न पूछना, किसी रोचक घटना की तरफ ध्यान आकर्षण तथा अधिगम हेतु प्रेरणा निहित है ?

(A) अन्वेषण (एक्सप्लोर)

(B) संलग्न (एंगेज) ✓

(C) व्याख्या (एक्सप्लेन)

(D) विस्तार (एलोबोरेट)

Q.102

समस्या-समाधान विधि के अनुसार 'संघनन' प्रकरण के शिक्षण के निम्नलिखित सोपानों को क्रमबद्ध कीजिए (प्रारंभ से अंत तक) :
a. शिक्षक ने शिक्षार्थियों से बीकर की बाहरी सतह पर आने वाली बूंदों के बारे में पूछा।
b. शिक्षार्थी अपनी स्वयं की परिकल्पना बनाते हैं।
c. शिक्षार्थी प्रयोग करते हैं।
d. शिक्षार्थी यह सीखते हैं कि ठण्डा करने पर जल वाष्प संघनित होकर जल की बूंदों में बदल जाता है।
सही क्रम चुनिए :

(A) a → b → d → c
(B) a → c → b → d
(C) a → d → b → c
(D) a → b → c → d ✓

Q.103

मौरीसन द्वारा प्रस्तावित इकाई योजना उपागम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?

(A) यह मनोविज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित है।
(B) यह विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देता है।
(C) यह शिक्षण की चक्रीय योजना का प्रारूप है।
(D) यह विषयवस्तु प्रस्तुतीकरण पर अधिक बल देता है। ✓

Q.104

निम्नलिखित में से कौन सी, ह्यूरिस्टिक विधि को संसाधित करने में शिक्षक की भूमिका नहीं है ?

(A) शिक्षक प्रत्येक पाठ को शिक्षार्थी के समक्ष पूछताछ के रूप में प्रस्तुत करता है ।
(B) शिक्षक शिक्षार्थियों को सुझाव या समाधान देता है । ✓
(C) शिक्षक शिक्षार्थियों को अपने ही विचारों को चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित करता है ।
(D) शिक्षक कुछ निर्देश देता है जैसे कि किन बातों का पालन किया जाना चाहिए और किन बातों से बचना चाहिए ।

Q.105

आगमन विधि अग्रसर होती है –
a. सिद्धांत से उदाहरणों तक
b. विशिष्ट से सामान्य तक
c. प्रेक्षित घटनाओं से सिद्धांतों तक
d. दृष्टांत से नियमों तक
सही कूट का चयन कीजिए :

(A) a, b एवं d, किन्तु c नहीं
(B) b, c एवं d, किन्तु a नहीं ✓
(C) a, c एवं d, किन्तु b नहीं
(D) a, b एवं c, किन्तु d नहीं

Q.106

अभिकथन (A) : विज्ञान क्लब कक्षा की भौतिक सीमाओं से परे तक फैला होता है ।
कारण (R) : हालाँकि विज्ञान क्लब भौतिक सीमाओं से परे है, फिर भी इसकी गतिविधियाँ विद्यालय के समय के दौरान ही संचालित की जाती हैं ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है । ✓
(D) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

Q.107

कथन I : परियोजना विधि अधिगम के मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों पर आधारित है । विद्यार्थी अर्थपूर्ण गतिविधियों द्वारा सीखते हैं ।

कथन II : परियोजना विधि विद्यार्थियों में सहयोग एवं सामाजिक अनुशासन की भावना विकसित करती है ।

(A) कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है ।
(B) कथन II सही है, किन्तु कथन I गलत है ।
(C) कथन I एवं कथन II दोनों सही हैं । ✓
(D) कथन I एवं कथन II दोनों गलत हैं ।

Q.108

विज्ञान शिक्षण में प्रायोगिक कार्यों से छात्रों में निम्नलिखित में से कौन से कौशल का अर्जन होता है ?

(a) अभिव्यक्तिशील कौशल
(b) सृजनात्मक कौशल
(c) हस्त कौशल

नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

(A) केवल (b)
(B) केवल (b) तथा (c)
(C) केवल (c)
(D) (a), (b) तथा (c) ✓

Q.109

जब कोई विज्ञान शिक्षक विद्यार्थियों को पौधों और प्राणियों की परस्पर निर्भरता के बारे में समझाना चाहता है, तो सर्वोत्तम परिणामों के लिए उसे निम्नलिखित में से कौन सी अनुभव आधारित पाठ्य-सहगामी गतिविधि का आयोजन करना चाहिए ?

(A) विज्ञान पहेली
(B) विज्ञान प्रश्नोत्तरी
(C) विज्ञान क्षेत्रीय भ्रमण ✓
(D) विज्ञान प्रदर्शनी

Q.110

अभिकथन (A) : रचनात्मक मूल्यांकन शिक्षण रणनीतियों को संशोधित करने के लिये, अनुदेशनात्मक प्रक्रिया का एक सतत् और अभिन्न अंग है।

कारण (R) : यह विद्यार्थियों की प्रगति और अधिगम के बारे में निरन्तर प्रतिपुष्टि प्रदान करता है।

(A) (A) एवं (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है। ✓
(B) (A) एवं (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

Q.111

निम्नलिखित में से कौन सा कथन पाठ्य-सहगामी गतिविधियों के 'चयन के सिद्धांत' से संबंधित नहीं है ?

(A) गतिविधियाँ विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप होनी चाहिए।
(B) गतिविधियों में भाग लेने का चुनाव करने की स्वतंत्रता प्रदान की जानी चाहिए।
(C) प्रत्येक गतिविधि के लक्ष्यों और कार्यों को अच्छी तरह परिभाषित करना चाहिए। ✓
(D) शैक्षिक मूल्यों से समृद्ध गतिविधियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

Q.112

उपलब्धि परीक्षण के नील-पत्र को तैयार करते समय विशिष्टताओं की तालिका में निम्नलिखित में से किन आयामों पर विचार किया जाना चाहिये ?
a. उद्देश्यों की पहचान करना एवं उद्देश्यों को भारांक प्रदान करना।
b. विषयवस्तु का चयन करना एवं विषयवस्तु को भारांक प्रदान करना।
c. प्रश्नों के प्रकार का चयन एवं प्रश्नों को भारांक देना।
d. प्रश्नों को सरल से कठिन तक व्यवस्थित करना।

सही कोड का चयन करें :

(A) केवल a, b एवं c ✓
(B) केवल b, c एवं d
(C) केवल a, b, c एवं d
(D) केवल a, b एवं d

Q.113

निम्नलिखित में से कौन सी विशेषताएँ निबंधात्मक प्रकार के प्रश्नों से संबंधित हैं ?
a. विचार-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
b. लेखन शैली का निर्णय
c. वस्तुनिष्ठता
d. अधिक विश्वसनीयता
e. उच्च मानसिक योग्यताओं का अध्ययन

सही कूट का चयन कीजिए :

(A) केवल c, d एवं e
(B) केवल a, b, c एवं e
(C) केवल b, d एवं e
(D) केवल a, b एवं e ✓

Q.114

गलत विकल्प चुनें :

(A) ऐल्केलॉइड - मॉर्फीन, कोडीन
(B) टरपीनॉइड - मोनोटरपीन, डाइटरपीन
(C) विष - ऐब्रीन, रिसिन
(D) लेक्टिन - विनब्लास्टिन ✓

Q.115

एक व्यक्ति जिसका रक्त समूह "O" है, के माता-पिता का रक्त समूह क्रमशः "A" व "B" है, तो

(A) माता और पिता दोनों क्रमशः "A" व "B" रक्त समूह के लिए विषमयुग्मजी हैं। ✓
(B) माता "A" रक्त समूह के लिए समयुग्मजी है और पिता "B" के लिए विषमयुग्मजी है।
(C) माता "A" रक्त समूह के लिए विषमयुग्मजी है और पिता "B" के लिए समयुग्मजी है।
(D) माता और पिता दोनों क्रमशः "A" व "B" रक्त समूह के लिए समयुग्मजी हैं।

Q.116

ग्लाइकोप्रोटीन तथा ग्लाइकोलिपिड के निर्माण का महत्वपूर्ण स्थल होता है-

(A) लयनकाय
(B) रिक्तिका
(C) गोल्जी संकुल ✓
(D) लवक

Q.117

निम्न में से किस संघ में अंग तन्त्र संगठन, द्विपार्श्व सममिती, गुहीय तथा खण्डीभवन रहित जन्तु आते हैं ?

(A) ऐनेलिडा
(B) आर्थ्रोपोडा
(C) ऐस्केलमिन्थीज
(D) मोलस्का ✓

Q.118

निम्नलिखित में से किस संघ के अधिकांश सदस्य जैव-संदिप्ति प्रदर्शित करते हैं ?

(A) पोरिफेरा
(B) सीलेंटरेटा
(C) टेनोफोरा ✓
(D) आर्थ्रोपोडा

Q.119

एक स्वतंत्र लेकिन अल्पजीवी युग्मकोद्भिद् पाया जाता है

(A) ब्रायोफाइटा में
(B) टेरिडोफाइटा में ✓
(C) जिम्नोस्पर्म में
(D) एंजियोस्पर्म में

Q.120

निम्न में से किन शैवाल वर्गों में भोजन मैनिटॉल के रूप में संगृहीत होता है ?

a. क्लोरोफाइसी
b. फियोफाइसी
c. रोडोफाइसी

विकल्प :

(A) केवल a और b
(B) केवल b ✓
(C) केवल c
(D) केवल a और c

Q.121

राजस्थान का कौन सा राष्ट्रीय उद्यान, 'रामसर स्थल' तथा 'यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल' भी है ?

(A) रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
(B) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान ✓
(C) मुकुंदरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान
(D) डेजर्ट राष्ट्रीय उद्यान

Q.122

निम्नलिखित में से कौन सा लक्षण, एक वेक्टर में क्लोनिंग को सुगम बनाने के लिए नहीं होना चाहिए ?

(A) प्रतिकृति के उद्भव (ori) की उपस्थिति
(B) वरणात्मक मार्कर की उपस्थिति
(C) एकल रिस्ट्रिक्शन एंजाइम के लिए कई पहचान स्थलों की उपस्थिति ✓
(D) छोटा आकार

Q.123

किसी समय विशेष पर एक पोषण स्तर (ट्रॉफिक स्तर) में जीवित पदार्थ की मात्रा (जैव-मात्रा) कहलाती है :

(A) खड़ी फसल/स्थित शस्य ✓
(B) प्रचुरता
(C) नेट प्राथमिक उत्पादकता
(D) सकल प्राथमिक उत्पादकता

Q.124

माइकोप्लाज्मा के लिए गलत कथन चुनिए :

(A) इनमें पतली एवं आद्य कोशिका भित्ति होती है । ✓
(B) इनमें से कुछ जन्तुओं में रोगकारक होते हैं ।
(C) इनमें से कुछ पादपों में रोगकारक होते हैं ।
(D) ये बिना ऑक्सीजन के भी जीवित रह सकते हैं ।

Q.125

वातरंध्र पाये जाते हैं

(A) अधिचर्म में
(B) वल्कुट में
(C) परिचर्म में ✓
(D) क्युटिकल में

Q.126

गलत कथन चुनें :

(A) PCR को लक्ष्य DNA अनुक्रम को प्रवर्धित (एम्प्लीफाई) करने के लिए दो प्रकार के प्राइमर की आवश्यकता होती है ।
(B) PCR में तापस्थायी DNA पॉलिमरेज़, जैसे कि Taq पॉलिमरेज़ का उपयोग किया जाता है ।
(C) PCR में विकृतीकरण (denaturation), एनीलिंग (annealing) और विस्तार (extension) चरण शामिल होते हैं ।
(D) PCR के दौरान निक ट्रांसलेशन (nick translation) के लिए DNA पॉलिमरेज़ I की आवश्यकता होती है । ✓

Q.127

हरितलवक में प्रकाश-फॉस्फोरीलीकरण के दौरान ATP सिंथेज़ के माध्यम से प्रोटॉन (H^+) की गति की दिशा होती है :

(A) थाइलेकोइड ल्यूमेन $\rightarrow$ स्ट्रोमा ✓
(B) स्ट्रोमा $\rightarrow$ थाइलेकोइड ल्यूमेन
(C) आंतरिक क्लोरोप्लास्ट झिल्ली $\rightarrow$ स्ट्रोमा
(D) स्ट्रोमा $\rightarrow$ आंतरिक क्लोरोप्लास्ट झिल्ली

Q.128

कथन-I : एंजाइम के प्रोटीन भाग को को-एंजाइम कहा जाता है।
कथन-II : प्रोस्थेटिक समूह कार्बनिक यौगिक होते हैं जो एपोएंजाइम से मजबूती से बंधे होते हैं।

(A) दोनों कथन सही हैं।
(B) कथन-I सही है तथा II गलत है।
(C) कथन-I गलत है तथा II सही है। ✓
(D) दोनों कथन गलत हैं।

Q.129

मृदूतक कोशिकाओं से अंतरापूलीय एधा व काग एधा का निर्माण उदाहरण है

(A) निर्विभेदन का ✓
(B) पुनर्विभेदन का
(C) विभेदन का
(D) परिपक्वन् का

Q.130

पोटोमीटर का उपयोग दर मापने के लिये किया जाता है :

(A) पादप वृद्धि की
(B) श्वसन की
(C) प्रकाश तीव्रता की
(D) वाष्पोत्सर्जन की ✓

Q.131

मनुष्यों में युग्मकजनन से संबंधित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें :

कथन A : पुरुषों में, शुक्राणुजनन यौवनारंभ में शुरू होता है।
कथन B : महिलाओं में, सभी प्राथमिक अंडाणु जन्म से पहले भ्रूण अंडाशय में बनते हैं।

(A) कथन A सही है, लेकिन कथन B गलत है।
(B) कथन A गलत है, लेकिन कथन B सही है।
(C) कथन A और B दोनों सही हैं। ✓
(D) कथन A और B दोनों गलत हैं।

Q.132

सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए तथा सही विकल्प चुनिए :

सूची-I (पादप हार्मोन)	सूची-II (कार्य)
A. ऑक्सिन	i. कोशिका विभाजन को बढ़ावा देना
B. जिबरेलिन	ii. तने के दीर्घीकरण को बढ़ावा देना
C. साइटोकाइनिन	iii. शीर्ष प्रभाविता एवं कोशिका दीर्घीकरण
D. एब्सिसिक अम्ल	iv. वृद्धि अवरोधन एवं पत्तियों का झड़ना

(A) A-iii, B-ii, C-i, D-iv ✓
(B) A-i, B-iii, C-ii, D-iv
(C) A-ii, B-i, C-iii, D-iv
(D) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

Q.133

अभिसारी उद्विकास में लेमर के समान कौन सा ऑस्ट्रेलियाई शिशुधानी स्तनधारी है ?

(A) धब्बेदार कस्कस ✓
(B) शिशुधानीस्तनी छछूँदर
(C) उड़न फेलेंजर
(D) नम्बेट

Q.134

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए :

कथन A : धमनियों में रक्त का दाब, शिराओं की तुलना में अधिक होता है ।
कथन B : निलयों के संकुचन के दौरान धमनियों में रक्त का दाब सिस्टोलिक दाब कहलाता है, तथा निलयों के प्रसारण के दौरान धमनियों में रक्त का दाब डायस्टोलिक दाब कहलाता है ।

(A) कथन A असत्य है, जबकि कथन B सत्य है ।
(B) कथन A सत्य है, जबकि कथन B असत्य है ।
(C) कथन A और B दोनों सत्य हैं । ✓
(D) कथन A और B दोनों असत्य हैं ।

Q.135

दिए गए कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए :

A : आद्यांत्र कायिक कोशिकाओं द्वारा आस्तरित होती है ।

B : पक्षियों में अंतर्वलन, एम्बोलिक मारफोजैनेटिक गतियों द्वारा होती है ।

(A) A एवम् B दोनों कथन सही हैं ।

(B) A एवम् B दोनों कथन गलत हैं ।

(C) कथन A सही है, किन्तु कथन B गलत है । ✓

(D) कथन A गलत है, किन्तु कथन B सही है ।

Q.136

स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनी द्वारा होने वाला निमोनिया मनुष्यों के फेफड़ों के किस भाग को संक्रमित करता है ?

(A) श्वासनली

(B) ब्रोंकाई

(C) ब्रोंकिओल्स

(D) वायुकोष्ठ (ऐल्वियोलाई) ✓

Q.137

आयुर्वेद के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा स्वाद (रस) कफ़ एवं पित्त को बढ़ाता है, परन्तु वात को घटाता है ?

(A) मीठा (मधुर)

(B) कड़वा (तिक्त)

(C) खट्टा (अम्ल) ✓

(D) तीखा (कटु)

Q.138

M-कोश में कुल सम्भावित कक्षकों की संख्या है/हैं :

(A) 1

(B) 3

(C) 9 ✓

(D) 16

Q.139

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए :

कथन A : न्यूमोटेक्सिक केन्द्र मस्तिष्क के पौन्स क्षेत्र में स्थित होता है।

कथन B : इस केन्द्र से तन्त्रिका संकेत अन्तःश्वसन की अवधि को कम कर श्वसनदर को परिवर्तित कर सकते हैं।

(A) दोनों कथन सही हैं। ✓

(B) कथन A सही है और कथन B गलत है।

(C) कथन A गलत है और कथन B सही है।

(D) दोनों कथन गलत हैं।

Q.140

एक यौगिक का मूलानुपाती सूत्र एवं आण्विक द्रव्यमान क्रमशः $CH_2 - Cl$ एवं 98.96 हैं । यौगिक का आण्विक सूत्र होगा :

(A) CH_2Cl

(B) $C_2H_4Cl_2$ ✓

(C) $C_3H_6Cl_3$

(D) $C_4H_8Cl_4$

Q.141

कॉलम-(I) की स्पीशीज को कॉलम-(II) में उनकी संरचनाओं से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कॉलम-(I)	कॉलम-(II)
(a) BrF_5	(i) वर्ग समतली
(b) PF_5	(ii) वर्ग पिरामिडी
(c) $[Co(NH_3)_6]^{3+}$	(iii) त्रिकोणीय द्विपिरामिडी
(d) $[PtCl_4]^{2-}$	(iv) अष्टफलकीय

सही कूट है :

(A) (a)-(i) (b)-(ii) (c)-(iii) (d)-(iv)

(B) (a)-(iv) (b)-(iii) (c)-(ii) (d)-(i)

(C) (a)-(ii) (b)-(iii) (c)-(iv) (d)-(i) ✓

(D) (a)-(iii) (b)-(ii) (c)-(i) (d)-(iv)

Q.142

100 g द्रव्यमान और 10 ms^{-1} वेग से गति कर रही एक गेंद की तरंगदैर्घ्य होगी :

(A) 6.626×10^{-34} Å

(B) 6.626×10^{-34} cm

(C) 6.626×10^{-34} m ✓

(D) 66.26×10^{-34} m

Q.143

निम्नलिखित तत्वों के प्रथम आयनन एन्थैल्पी का सही क्रम है :

(A) C > N > O > F

(B) O > N > F > C

(C) F > O > N > C

(D) F > N > O > C ✓

Q.144

दीर्घ आवर्त सारणी के तत्व रदरफोर्डियम का IUPAC नाम है :

(A) Unniltrium

(B) Unnilquadium ✓

(C) Ununtrium

(D) Ununquadium

Q.145

जब दाब बढ़ाया जाता है तब निम्नलिखित में से किस अभिक्रिया में अभिक्रिया विपरीत (उत्क्रम) दिशा में होती है ?

(A) $H_2(g) + I_2(g) \rightleftharpoons 2HI(g)$

(B) $N_2(g) + 3H_2(g) \rightleftharpoons 2NH_3(g)$

(C) $C(s) + CO_2(g) \rightleftharpoons 2CO(g)$ ✓

(D) $CO(g) + 3H_2(g) \rightleftharpoons CH_4(g) + H_2O(g)$

Q.146

निम्नलिखित में से किस यौगिक में अधिकतम सहसंयोजक लक्षण होगा ?

(A) $MgCl_2$

(B) $NaCl$

(C) KCl

(D) $AlCl_3$ ✓

Q.147

निम्नलिखित में से कौन सी अभिक्रिया असमानुपातन नहीं दर्शाती है ?

(A) ClO^-

(B) ClO_2^-

(C) ClO_3^-

(D) ClO_4^- ✓

Q.148

बेंज़ोयल परॉक्साइड की उपस्थिति में प्रोपीन के साथ HBr की अभिक्रिया में निर्मित सर्वाधिक स्थायी मध्यवर्ती है :

(A) $CH_3 - \dot{C}H - CH_2 - Br$ ✓

(B) $CH_3 - CH_2 - \dot{C}H_2$

(C) $CH_3 - \underset{\underset{Br}{|}}{\dot{C}} - CH_3$

(D) $CH_3 - CH - CH_2 - Br$

Q.149

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.150

यदि अभिक्रिया $H_2(g) + I_2(g) \rightleftharpoons 2HI(g)$ के लिए साम्यावस्था स्थिरांक 9 है, तो उसी ताप पर अभिक्रिया $2HI(g) \rightleftharpoons H_2(g) + I_2(g)$ के लिए साम्यावस्था स्थिरांक क्या होगा ?

(A) 3

(B) 81

(C) 1/9 ✓

(D) 1/81



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in